the prices of these drugs after the announcement of change in Import Policy; and

(e) what was the price of each before the change of import policy and what is the present price?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT IN "THE MINISTRY OF INDUSTRY (SHRI M. ARUNACHALAM); (a) and (b) Import Policy is determined by the Ministry of Commerce after taking into consideration various recommendations and factors. The same principle applies to drugs also.

(c) This Department monitors the production of only 87 bulk drugs.

(d) and (e) The prices of only controlled category of drugs are regulated.

आचार्य नरेन्द्र देव की स्मृति में डाक टिकट

1242. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या महान समाजवादी, विचारक और स्वतन्त्रता सेनानी स्वर्गीय आचार्य नरेन्द्र देव के सम्मान में कोई स्मारक डाक टिकट जारी किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो इसे कब जारी किया गया ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या उनके जन्म शताब्दी वर्ष मनाये जाने के दौरान डाक टिकट जारी किये जाने का कोई प्रस्ताव है; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री बसंत साठे) : (क) जी, हां । स्वर्गीय आचार्य नरेन्द्र देव के सम्मान में एक डाक-टिकट पहले ही जारी किया जा चुका है ।

(ख) 19-2-1971

(ग) उपर्युक्त भाग (क) और (ख) के उत्तर को मद्देनजर रखते हुये प्रश्न ही नहीं उठता है ।

मुंगेर, जमालपुर और बरियारपुर में संचार की सुविधाएं

1243. **श्री जगदम्बी प्रसाद यादव** : क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या बिहार के मुंगेर, जमालपुर और बरियारपुर जिलों में एस० टी० डी० सहित संचार की सुविधाओं का विकास किए जाने की कोई योजना है ; यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ;

(ख) पिछले तीन वर्षों के दौरान बिहार में और विशेष रूप से मुंगेर जिले में कितने डाकघर, शाखा डाकघर, उप डाकघर और प्रधान डाकघर खोले गए ; और

(ग) इन जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सुविधाओं के विकास की क्या स्थिति है ?

ऊर्जा मंत्री और संचार मंत्री (श्री बसंत साठे): (क) जी, हां । मुंगेर में 600 लाइनों का एमएक्स-II एक्सचेंज है जो पहले ही एस० टी० डी० नैटवर्क में जुड़ा है । जमालपुर में 200 लाइनों वाला एमएक्स-II एक्सचेंज है जिसमें आवक एस०टी०डी सुविधा सुलभ है । जमालपुर के लि आवक एस० टी० डी० सुविधा प्रदान करने का कार्य शीघ्र ही शुरू किया जा रहा है । बरियारपुर के 25 लाइनों वाले एमएक्स-II एक्सचेंज में मुंगेर के साथ अन्तर-डायलिंग सुविधा उपलब्ध है ।

(ख) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ग) आठवीं योजना के अंत तक जिलों के बसे हुए षटभुजाकार क्षेत्रों में